आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 24.07.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- आपदा प्रबंधन निदेशालय की ओर से आज कार्बाइंस कोव बीच पर तेल रिसाव मॉक अभ्यास किया जाएगा।
- ओडिशा के पुरी के साथ द्वीपसमूह में भी बहुदा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है ।
- माहव्यापी नाट्य कार्यशाला के समापन अवसर पर आज शाम मुंशी प्रेमचंद द्वारा लिखित नाटक का मंचन किया जाएगा।
- श्री विजयपुरम में 27 जुलाई से 7 अगस्त तक सर्किट बैठक का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

आपदा प्रबंधन निदेशालय में तेल रिसाव मॉक अभ्यास की अंतिम तैयारियों के लिए कल टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। आपदा प्रबंधन निदेशक प्रियंका कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित इस अभ्यास में भारतीय तटरक्षक बल, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन और सभी संबंधित लाइन विभागों एवं हितधारक एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। चर्चा के दौरान, भारतीय तटरक्षक बल ने प्रस्तावित तेल रिसाव घटना और समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया, रोकथाम, स्किमर्स की तैनाती, तटरेखा सफाई मूल्यांकन तकनीक के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं के बारे में बताया। इस अभ्यास का उद्देश्य आज सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे तक कार्बाइंस कोव बीच पर आयोजित होने वाले तेल रिसाव मॉक अभ्यास की समीक्षा करना था। विभाग ने आम जनता से अभ्यास के दौरान न घबराने की अपील की है।

<><><><><><><>

ओडिशा के पुरी में आज विश्व प्रसिद्ध बहुदा यात्रा का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान सुदर्शन की श्री गुंडिचा मंदिर से श्री जगन्नाथ मंदिर तक की औपचारिक वापसी यात्रा कराई जाएगी। इस अवसर पर द्वीपसमूह में उत्कल समाज की ओर से बहुदा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर आज सुबह साढ़े आठ बजे से महापूजा, हवन और आरती तथा दोपहर बारह बजे से अन्नदानम की व्यवस्था की गई है। यह यात्रा आज दोपहर दो बजे से शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गुजरेगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति ने स्टॉकहोम कन्वेंशन के तहत पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देशों के अनुपालन में स्थायी जैविक प्रदूषक पर स्टॉकहोम कन्वेंशन के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए कार्रवाई शुरू की है। परसिस्टेंट ऑर्गेनिक पोल्यूटेंट्स अत्यधिक जहरीले रसायन हैं जो मानव स्वास्थ्य, वन्यजीवों व पारिस्थितिकी तंत्र के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। 2004 में लागू हुआ स्टॉकहोम कन्वेंशन, मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को इन रसायनों से बचाने के उद्देश्य से एक वैश्विक पर्यावरणीय संधि है। भारत अब तक 19 परसिस्टेंट ऑर्गेनिक पोल्यूटेंट्स की पुष्टि कर चुका है। पुष्टि किए गए POPs को विनियमित करने के लिए, मंत्रालय ने पॉलीक्लोराइनेटेड बाइफेनिल्स विनियम आदेश, 2016 और परसिस्टेंट ऑर्गेनिक पोल्यूटेंट्स नियम, 2018 को अधिसूचित किया है। नियामक अधिकारियों द्वारा इन नियमों के अनुपालन की निगरानी की जा रही है। स्टॉकहोम कन्वेंशन के तहत सूचीबद्ध किसी भी रसायन से निपटने वाले सभी औद्योगिक इकाइयों, निर्माताओं, आयातकों, निर्यातकों, व्यापारियों, अनुसंधान संस्थानों, प्रयोगशालाओं, शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी संगठनों और अन्य प्रतिष्ठानों से निर्धारित प्रारूप में आवश्यक जानकारी समिति के सदस्य सचिव के पास 27 जुलाई तक प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया है। जानकारी ई–मेल dstpcc-andamans@and.nic.in के माध्यम से भी जमा की जा सकती है। परसिस्टेंट ऑर्गेनिक पोल्यूटेंट्स की विस्तृत सूची, निर्धारित रिपोर्टिंग प्रारूप के साथ, ANPCC की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति निदेशालय की ओर से युवाओं और आम जनता के बीच रंगमंच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली के सहयोग से माहव्यापी नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के समापन अवसर पर आज कलाकारों द्वारा शाम 5 बजकर 45 मिनट पर अंडमान क्लब में महान लेखक मुंशी प्रेमचंद द्वारा लिखित कहानी 'दुनिया का सबसे अनमोल रतन' द्वारा लिखित नाटक का मंचन किया जाएगा। कार्यशाला निदेशक सुरेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में इस नाटक का मंचन किया जाएगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में 27 जुलाई से 7 अगस्त तक सर्किट बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक के दौरान न्यायिक सदस्य उर्मिता दत्ता (सेन), और प्रशासनिक सदस्य सुचित्त कुमार दास, मामलों की सुनवाई करेंगे। इस अवधि के दौरान नये आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। जिन विभागों के मामले लंबित हैं, वे संबंधित मामले के दस्तावेजों के साथ सरकारी वकील या पैनल अधिवक्ताओं से संपर्क करें।

विभागाध्यक्षों से भी कहा गया है कि वे अपने नोडल अधिकारियों को सुनवाई की दिन आवश्यक दस्तावेजों के साथ अधिकरण में उपस्थित रहने का निर्देश देने को कहा है।

<><><><><><><>

आबकारी विभाग की ओर से शराब ब्रांडों के पंजीकरण हेतु ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया गया है। इस संबंध में हितधारकों से टिप्पणियाँ और प्रतिक्रियाएं आमंत्रित करने के लिए इसे सार्वजनिक डोमेन में जारी कर दिया गया है। इस पोर्टल का उद्देश्य ब्रांड पंजीकरण की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना, पारदर्शिता बढ़ाना और संघ राज्य क्षेत्र में व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देना है। निर्माता, वितरक, लाइसेंस धारक और अन्य संबंधित हितधारक अपने सुझाव, प्रतिक्रिया या टिप्पणी 2 अगस्त तक उपायुक्त कार्यालय को ई–मेल आईडी dcand.and@nic.in के माध्यम से भेज सकते हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला परिषद अध्यक्ष पी. उमर ने कार्य एवं विकास समिति के अध्यक्ष पी.ए. शराफुद्दीन, जिला परिषद सदस्य ए. उमर, अब्दुल बशीर, अधीक्षण अभियंता एस.के. गुप्ता और दक्षिण अंडमान जिला परिषद की इंजीनियरिंग टीम के साथ ग्राम पंचायत विम्बर्लीगंज के तहत चल रहे दो ग्रामीण सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। अध्यक्ष ने चल रहे कार्यों की समीक्षा की तथा इंजीनियरिंग अधिकारियों को दोनों परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में अकादमिक सत्र 2026–27 के लिए अतिथि संकाय के पैनल तैयार करने हेतु अस्थाई योग्यता सूची कॉलेज की वेबसाइट के अलावा कॉलेज के सूचना पट्ट पर भी दर्शा दी गई है। इस संबंध में दावे और आपत्तियाँ कल तक अपने निवास प्रमाण पत्र के साथ जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले निदेशालय, की ओर से प्रशासनिक कारणों के चलते पहली अगस्त से 5 अगस्त तक आयोजित होने वाले बैडमिंटन टूर्नामेंट को स्थगित कर दिया गया है। निदेशालय ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान के उद्देश्य से 27 जुलाई से 09 अगस्त तक वॉलीबॉल टूर्नामेंट के आयोजन के कारण यह निर्णय लिया गया है।

<><><><><><><>